# कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष

## अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति, जिला–धमतरी (छ.ग.)

ज्ञाप क्र./अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/2021/ 3717 /धमतरी दिनांक 26/06/2021

### –:: संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन ::–

संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय इंद्रावती भवन नवा रायपुर छ.ग. के पत्र क्रमांक/स्वा.आ.अं.मा./2021–22/161/रायपुर दिनांक 10.05.2021 के परिपालन में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय योजनान्तर्गत धमतरी जिला के निम्नांकिंत शालाओं के लिए व्याख्याता/प्रधानपाठक/शिक्षक/सहायक शिक्षक एवं अन्य कार्यालयीन स्टॉफ के संविदा पदो पर नियुक्ति की जानी है।

1. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश स्कूल उ.मा.वि. बालक कुरूद।
2. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश श्रृंगी ऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी।
3. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कन्या उ.मा.वि. गैरागुंडी।

तत्संबध में **इच्छुक आवेदको से दिनांक 05/07/2021, सायं 05:00 बजे तक** आवेदन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कम्पोजिट बिल्डिंग (तृतीय तल) जिला धमतरी के नाम से स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्रर डाक के माध्यम से जमा किया जावेगा। कार्यालय में उपस्थित होकर दिये गये आवेदन स्वीकार्य नही होगें। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई भी आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

**क्रमांक 01 से 03 तक की प्रति शालाओं के रिक्त पदो का विवरण**

| क्र. | पदनाम | विषय | माध्यम | पदो की संख्या | | | | | संविदा में मानदेय | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अ.ज.जा. | अनारक्षित | अ.पि.व. | अ.जा. | योग | | |
| 1 | व्याख्याता | हिन्दी | – | 1 | 1 | | | 2 | 38100 | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी ही अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्रता होगें। 2. संबधित विषय के न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि एवं बी.एड. अनिवार्य। 3. हिन्दी एवं संस्कृत विषय के व्याख्याता के लिये अंग्रेजी माध्यम की अनिवार्यता नही। 4. व्याख्याता गणित (हिन्दी माध्यम), व्याख्याता जीव विज्ञान (हिन्दी माध्यम) के आवेदको के लिए अंग्रेजी माध्यम की अनिवार्यता नही। |
| 2 | व्याख्याता | अंग्रेजी | – | 1 | 1 | | | 2 | | |
| 3 | व्याख्याता | संस्कृत | – | | 1 | | | 1 | | |
| 4 | व्याख्याता | गणित | हिन्दी | | 1 | | | 1 | | |
| 5 | व्याख्याता | गणित | अंग्रेजी | | 1 | | | 1 | | |
| 6 | व्याख्याता | भौतिकी | अंग्रेजी | | 1 | | | 1 | | |
| 7 | व्याख्याता | जीवविज्ञान | हिन्दी | | 1 | | | 1 | | |
| 8 | व्याख्याता | जीवविज्ञान | अंग्रेजी | | 1 | | | 1 | | |
| 9 | व्याख्याता | रसायन | अंग्रेजी | | 1 | | | 1 | | |
| 10 | व्याख्याता | वाणिज्य | अंग्रेजी | 1 | 1 | | | 2 | | |
| 11 | व्याख्याता | सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | | 1 | | | 1 | | |
| 12 | प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला | | अंग्रेजी | | 1 | | | 1 | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में किसी भी संकाय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक उत्तीर्ण बी.एड. प्रशिक्षित हो एवं टी.ई.टी. (पूर्व माध्यमिक) उत्तीर्ण हों। शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय संस्था में संबधित पद पर 3 वर्ष का कार्यानुभव अनिवार्य है। |
| 13 | प्रधानपाठक प्राथमिक शाला | | अंग्रेजी | | 1 | | | 1 | 35400 | मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में किसी भी संकाय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण, डी.एड. प्रशिक्षित हो एवं टी.ई.टी. (प्राथमिक) उत्तीर्ण हों। शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय संस्था में संबधित पद पर 3 वर्ष का कार्यानुभव अनिवार्य है। |
| 14 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी | | 1 | | | 1 | 35400 | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबधित विषय पर द्वितीय श्रेणी के साथ स्नातक उपाधि एवं बी.एड. अनिवार्य। 2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। परन्तु शिक्षक हिन्दी माध्यम के लिए अंग्रेजी माध्यम अनिवार्य नही है। 3. शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो) 4. शिक्षक जीव विज्ञान (रसायनशास्त्र, भौतिकी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, सैन्य विज्ञान एवं भू–गर्भ विज्ञान में से कोई दो विषय स्नातक स्तर पर हो) |
| | | गणित | अंग्रेजी | | 1 | | | 1 | 35400 | |
| | | विज्ञान | अंग्रेजी | | 1 | | | 1 | 35400 | |
| | | सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | | 1 | | | 1 | 35400 | |
| 15 | शिक्षक | संस्कृत | हिन्दी | | 1 | | | 1 | 35400 | |
| | | हिन्दी | हिन्दी | | 1 | | | 1 | 35400 | |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | व्यायाम शिक्षक | | – | | 1 | | 1 | 35400 | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक उत्तीर्ण एवं पी.एड. प्रशिक्षण प्राप्त हो।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी। |
| 17 | सहायक शिक्षक | कला समुह | अंग्रेजी | 1 | 1 | | 2 | 25300 | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. विज्ञान विषय हेतु विज्ञान समूह से तथा कला विषय हेतु कला समूह से हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण एवं द्विवर्षीय डी.एड./डी.एल.एड. परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य<br>3. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होगें।9. |
| | सहायक शिक्षक | विज्ञान समुह | अंग्रेजी | 1 | 2 | | 3 | 25300 | |
| 18 | ग्रंथपाल | | | | 1 | | 1 | 22400 | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी के साथ स्नातक की उपाधि एवं बी.लिब. की उपाधि अनिवार्य।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होगें। |
| 19 | कम्प्यूटर शिक्षक | | | | 1 | | 1 | 35400 | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान व अन्य समकक्ष योग्यता के साथ न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उत्तीर्ण। स्नातकोत्तर उपाधि (कम्प्यूटर) को प्राथमिकता दी जायेगी।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होगें। |
| 20 | सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला (भौतिक/रसायन/जीवविज्ञान) | | अंग्रेजी | 1 | 2 | | 3 | 25300 | 1. जीवविज्ञान/गणित विषय समूह के साथ हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होगें। |
| 21 | लेखापाल/सहायक ग्रेड–02 | | | | 1 | | 1 | 25300 | 1. मान्यता प्राप्त मंडल से हायर सेकण्डरी परीक्षा 1. उत्तीर्ण।<br>2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डी.सी.ए./पी.जी.डी.सी.ए. उत्तीर्ण (5000 डिप्रेशन प्रति घंटे की गति अनिवार्य)<br>3. अंग्रेजी माध्यम को प्राथमिकता दी जावेगी। |
| 22 | सहायक ग्रेड–03 | | | | 1 | | 1 | 19500 | 1. मान्यता प्राप्त मंडल से हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डी.सी.ए./पी.जी.डी.सी.ए. उत्तीर्ण (5000 डिप्रेशन प्रति घंटे की गति अनिवार्य)<br>3. अंग्रेजी माध्यम को प्राथमिकता दी जावेगी। |

## (A) संविदा भर्ती हेतु संबंधी निर्देश एवं शर्ते :–

1. उपरोक्त पद पूर्णतः संविदा, अस्थायी एवं परिवर्तनीय होगें। कार्य व्यवहार संस्था अथवा समिति के द्वारा कार्य अनुरूप नही पाये जाने पर किसी भी समय सेवा से पृथक किया जा सकेगा। यह नियुक्ति 03 वर्षो के लिए होगी।
2. छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी ही चयन के लिये पात्र होगें।
3. विज्ञापित पद पूर्णतः विद्यालय प्रबंधन समिति एवं सोसायटी के अधीन होगें। इन पदो पर नियुक्त व्यक्तियों का शासन के पद पर नियमितीकरण अथवा संविलियन का दावा नही किया जा सकेगा।
4. भविष्य में शासन द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किये जाने पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
5. <u>आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि।05/07/2021 शाम 5:00 बजे तक ही होगी।</u> इच्छुक आवेदक स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्रार डाक के माध्यम से कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला धमतरी के पते पर निर्धारित समय पर भेज सकते है। अंतिम तिथि के उपरांत आवेदन किसी भी दशा में स्वीकार्य नही होगा।
6. आवेदक को लिफाफे के ऊपर स्पष्ट शब्दो में आवेदित पद का नाम, पदनाम एवं विषय उल्लेखित किया जाना अनिवार्य होगा। अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नही किये जायेगें। अमान्य आवेदनो के संबध में पृथक से सूचना नही दी जायेगी। आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2021 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष होना अनिवार्य है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–सीमा पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिये भी लागू होगें।
7. आयु की पुष्टि हेतु हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की अंकसूची को आधार माना जावेगा।

8. निर्धारित प्रारूप में ही आवेदन पत्र मान्य होगे।
9. आवेदन प्रस्तुत करते समय आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
10. शैक्षणिक पदो के आवेदक को अंग्रेजी भाषा में धारा प्रवाह, लिखना, पढ़ना एवं बोलना आना चाहिए।
11. संबधित पद एवं विषय हेतु न्यूनतम कार्यानुभव 01 वर्ष होना चाहिए।
12. आवेदकों द्वारा अपनी संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से मान्यता प्राप्त विद्यालय/महाविद्यालय से पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।
13. हिन्दी एवं संस्कृत विषय के अध्यापन हेतु अंग्रेजी माध्यम से अध्ययन की बाध्यता शिथिल रहेगी।
14. व्याख्याता हिन्दी माध्यम (गणित), व्याख्याता हिन्दी माध्यम (जीव विज्ञान), शिक्षक (हिन्दी माध्यम) हेतु अंग्रेजी माध्यम से अध्ययन की बाध्यता नही रहेगी।
15. शासन से प्राप्त निर्देशों के आधार पर मासिक एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा। इसके अतिरिक्त कोई भी भत्ता नही दिया जायेगा।
16. आवेदन पत्र में आवेदक का फोटो एवं संलग्न दस्तावेज स्व–प्रमाणित होना आवश्यक है। स्व–प्रमाणित न होने की स्थिति में आवेदन स्वमेव निरस्त माना जायेगा तथा दस्तावेज अपूर्ण होने पर आवेदन स्वमेव निरस्त हो जायेगा।
17. प्रथम प्राथमिकता प्रतिनियुक्ति के आवेदकों को दी जावेगी। पर्याप्त संख्या में प्रतिनियुक्ति के आवेदकों के आवेदन प्राप्त न होने की स्थिति में ही संविदा भर्ती विचारार्थ होगी।
18. आवेदक यदि दो विद्यालय के लिये आवेदन करना चाहता है तो प्रत्येक विद्यालय के लिये पृथक–पृथक आवेदन करना होगा। एक ही आवेदन में दो विद्यालयों अथवा पदो का आवेदन अस्वीकार होगा। एक आवेदक अधिकतम दो विद्यालयों के लिये आवेदन कर सकता है।
19. जिन पदो हेतु अंग्रेजी माध्यम उल्लेखित है, ऐसे पदो के आवेदक को हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा से न्यूनतम योग्यता की परीक्षा तक का अध्ययन अंग्रेजी माध्यम में किया जाना आवश्यक है।
20. महिला वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदको को सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय–समय पर जारी आयु–सीमा में छूट संबधित आदेश/निर्देश लागू होगें।
21. प्रधानपाठक (प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक) पद के आवेदको द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र संस्था प्रमुख के द्वारा जारी एवं संबधित विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षरित होना अनिवार्य है।
22. आवेदक को आवेदन के साथ 10 रूपये के डाक टिकट के साथ स्वयं का स्थायी पता लिखा हुआ लिफाफा संलग्न करना अनिवार्य होगा।
23. राज्य शासन द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय हेतु समय–समय पर जारी निर्देशों के अधीन पंजीकृत सोसायटी विद्यालय के संचालन व शर्तो से संबधित नियम/निर्देश जारी करेगी जो सर्वमान्य व सभा के लिए बाध्यकारी होगा।
24. आवेदकों को जिले के वेबसाईट https://www.deodhamtari.in/ एवं https:// www.deodhamtari.in/ के माध्यम से दावा आपत्ति व साक्षात्कार की सूची दी जावेगी। आवेदक समय–समय पर उक्त वेबसाईट के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर लेवें। साक्षात्कार हेतु डाक के माध्यम से लिफाफा भेजे जाने पर प्राप्त नही होने की स्थिति में जिले के वेबसाईट में ही अंतिम सूचना मानी जावेगी। इस संबध में किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही की जायेगी।
25. आवेदन पत्र का प्रारूप एवं भर्ती संबधी विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## (B) संविदा भर्ती हेतु चयन प्रक्रिया :—

1. संविदा नियुक्ति छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के प्रावधानों के अनुसार की जायेगी।
2. जिला स्तरीय चयन समिति गठित कर नियुक्ति की प्रकिया पूरी की जावेगी।
3. चयन हेतु शैक्षणिक योग्यता 80 प्रतिशत, अनुभव 10 प्रतिशत एवं साक्षात्कार हेतु 10 प्रतिशत अंक निर्धारित किये गये है।
4. प्रवीण्यता के आधार पर प्रत्येक पद के विरूद्व 05 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा।
5. चयन सूची के अतिरिक्त प्रत्येक पद हेतु प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी। चयन सूची के अभ्यर्थी द्वारा पदभार ग्रहण न करने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची से रिक्त पदो की पूर्ति की जावेगी। प्रतीक्षा सूची की वैधता 01 वर्ष की होगी।
6. उक्त पदों के लिये चयन समिति द्वारा निर्धारित चयन प्रकिया मान्य किये जायेगें। आवेदन पत्रों की छानबीन पश्चात् पात्र आवेदको में से न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के परीक्षा की प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर प्रावीण्य सूची बनाकर पदवार प्रथम 05 आवेदक को कौशल परीक्षण/साक्षात्कार बुलाया जायेगा। कौशल परीक्षण/साक्षात्कार चयन समिति के समक्ष ली जावेगी। उक्त परीक्षण में प्राप्त अंको के आधार पर पुनः प्रावीण्य सूची बनाया जायेगा। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी चयनित एवं शेष कमानुसार प्रतीक्षा सूची में रखे जावेगें।
7. नियुक्ति हेतु चयन समिति का निर्णय ही सर्वमान्य होगा।
8. चयन के संबध में कलेक्टर/अध्यक्ष उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति (सोसायटी) का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
9. नियुक्ति हेतु रिक्त पद के लिए धमतरी जिले का आरक्षण रोस्टर लागू होगा।

कलेक्टर/अध्यक्ष
अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति
जिला—धमतरी (छ.ग.)

पृ क्र./अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/2021/ 3718 /धमतरी दिनांक 26 /06/2021

प्रतिलिपि :—

1. प्रमुख सचिव, छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ सादर संप्रेषित।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर छ.ग. को सूचनार्थ सादर संप्रेषित।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी को सूचनार्थ।
4. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संभाग रायपुर पेंशनबाड़ा रायपुर को सूचनार्थ सादर संप्रेषित।
5. जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. जनसंपर्क अधिकारी, जिला—धमतरी को सूचनार्थ एवं निःशुल्क प्रकाशन हेतु अग्रेषित।
7. डी.आई.ओ. एन.आई.सी. धमतरी को सूचनार्थ एवं जिले के वेबसाईट में अपलोड किये जाने की कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कलेक्टर/अध्यक्ष
अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति
जिला—धमतरी (छ.ग.)